

### एक नजर में

## बुजुर्ग ने जहर खाकर दी जान, ड्राइवर ने फांसी लगाई

इंदौर. शहर में बुधवार को दो अलग-अलग आत्महत्या की घटनाएं सामने आईं. एक मामले में बुजुर्ग ने जहर खा लिया, जबकि दूसरे में बस ड्राइवर ने फांसी लगाकर जीवन खत्म कर लिया. 70 वर्षीय बद्रीप्रसाद पिता राधाकृष्ण निवासी सुभाष नगर ने परदेशीपुरा क्षेत्र में जहर खा लिया. हालत बिगड़ने पर वह वहीं सड़क पर गिर पड़े. एक राहगीर संदीप ने उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें बचा नहीं सके. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. परिजनों के बयान के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा. इधर, दूसरी घटना बड़ी भमोरी की है. यहां 35 वर्षीय रवि पिता महेश चौधरी ने फांसी लगाकर जान दे दी. वह विनायक ट्रेवल्स में ड्राइवर था. घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है, पुलिस दोनों मामले में जांच कर रही है.


## सिपाही से मारपीट करने वाले कैदी को सेंट्रल जेल भेजा

इंदौर. जिला जेल में बंद शातिर बदमाश अनस उर्फ मंजरा अजगर ने एक बार फिर उपद्रव कर दिया. वार्ड बदलने की कोशिश कर रहे कैदी को जब रोका गया तो उसने ड्यूटी पर तैनात सिपाही से मारपीट कर दी और उसकी वर्दी तक फाड़ दी. घटना के बाद जेल प्रशासन ने उसे इंदौर से हटाकर सेंट्रल जेल भेज दिया है. अनस निवासी हबीब कॉलोनी के खिलाफ लूट और चोरी के करीब 20 मामले दर्ज हैं. वह वार्ड 5 के बैरक 1 में बंद था, लेकिन वार्ड 6 में जाने की कोशिश कर रहा था. इस दौरान सिपाही दिनेश यादव ने रोकने का प्रयास किया तो अनस भड़क गया. उसने वर्दी फाड़ दी और नुकीली वस्तु से हमला भी कर दिया. सिपाही की शिकायत पर संयोगितागंज थाने में केस दर्ज हुआ. जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई ने बताया कि कैदी के उपद्रवी रवैये से स्टाफ काफी परेशान था. इसलिए उसे सेंट्रल जेल ट्रांसफर कर दिया है. उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जेल में आने पर उसने जेलर को गालियां दी थीं, जिस पर जेल स्टाफ ने उसकी पिटाई की थी.

## कोचिंग क्लास से नकदी और सीसीटीवी चोरी

इंदौर. तुकोगंज क्षेत्र में एक कोचिंग संस्थान को निशाना बनाते हुए चोरों ने नकदी और सामान चुरा लिया. पुलिस ने इस मामले में भोपाल निवासी एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. कुणाल परमार निवासी शिवकंठ नगर ने रिपोर्ट में बताया कि 17 अगस्त को दुर्गेश शर्मा निवासी भोपाल ने गीता भवन स्थित आकाश इंस्टीट्यूट कोचिंग क्लास का शटर उचकाकर अंदर घुसा था, आरोपी वहां से सीसीटीवी कैमरे निकाल ले गया और मैनेजर की डेस्क से अकाउंट रूम की चाबी चुराकर सवा लाख रुपए नकद सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गया. उधर, शुभांगन ओमेक्स सिटी में रहने वाले सुंदरसिंह के घर में भी चोरी हुई. चोर सोने-चांदी के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए. वहीं, मेघदूत गार्डन के सामने राकेश साहू की दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया. पुलिस का कहना है कि सभी मामलों में जांच जारी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

## घर से निकली युवती लापता, तलाश में जुटी पुलिस



इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र से एक 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है. पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. सोनाली पिता कमलेश विश्वकर्मा निवासी 68/1, आस्था पैलेस, द्वारकापुरी रविवार को घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी. परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. युवती का हुलिया रंग सांवला, चेहरा गोल, लंबाई लगभग 4 फीट 5 इंच है. गुम होने के समय उसने काले रंग की टी-शर्ट, लोवर और गुलाबी दुपट्टा पहन रखा था. पुलिस ने आसपास के इलाकों में तलाश शुरू कर दी है और नागरिकों से भी अपील की है कि यदि किसी को युवती के बारे में जानकारी मिले तो तत्काल द्वारकापुरी थाने को सूचित करें.

## गवाही से मुकरी पत्नी और बेटी, हत्या में दोनों आरोपी बरी

इंदौर. तिल्लौर इलाके में दो साल पहले हुए हत्या मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपियों को बरी कर दिया. कारण यह रहा कि मृतक की पत्नी और बेटी, जो मामले की मुख्य गवाह थीं, ट्रायल के दौरान ही पुलिस को दिए अपने बयानों से पलट गईं. अभियोजन के मुताबिक 7 मई 2022 की रात झीनाबाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी राधेश्याम और अनिल देर रात उसके घर पहुंचे और पति सूबेदार उर्फ सुभाष की लात-घूंसों से पिटाई की. इसके बाद दोनों उसे गाड़ी में अपने घर ले गए और रस्सी से पेड़ से बांधकर फिर मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई. आरोप यह भी था कि एक आरोपी की पत्नी से गलत हरकत करने की वजह से यह वारदात हुई. खुड़ैल पुलिस ने उस समय दोनों आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज किया था. लेकिन ट्रायल के दौरान झीनाबाई और उसकी बेटी ने ही अपने पहले दिए गए बयान से मुकरते हुए अभियोजन का समर्थन नहीं किया. वहीं, अन्य साक्ष्य भी अदालत में प्रमाणित नहीं हो सके. इन परिस्थितियों में कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषमुक्त कर बरी कर दिया.

## युवाओं को दिए तनाव मुक्त रहने के टिप्स



महू. आज के समय में विभिन्न समस्याओं को लेकर युवा तनाव में रहने लगा है जिस कारण वह गलत कदम भी उठाने लगा है. तनाव से कैसे दूर रहे और समस्याओं का कैसे समाधान करें इसको लेकर एक विशेष व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर टिप्स दिए गए. अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर अरोग्य संगम फाउंडेशन ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धारनाका में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 10वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को मानसिक स्पष्टता, चिंता प्रबंधन, अवसाद की पहचान और उससे निपटने के तरीके सिखाए गए. संदेश को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए इंटरैक्टिव गतिविधियाँ, शारीरिक खेल, स्टोरीटेलिंग और जानकारीपूर्ण फ़्लायर्स का उपयोग किया गया. इन माध्यमों से छात्रों ने न केवल मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझा, बल्कि तनाव और उदासी से निपटने के व्यावहारिक तरीके भी सीखे. इस युवा-नेतृत्व कार्यक्रम में अभिषेक मजदे, यश दाधीच, तरुण भिड़े, ऐश्वर्या जाडे, अमीषा सिंह, रवि वर्मा, रोहित जाट, वेद चावड़ा, अंकुर सिंह चौहान, दीपांशु नागले और मृत्युंजय शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई. प्राचार्य डॉ. सुमेश डाकवले और शिक्षक सचिन कैथवास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाते हैं.

## जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का विरोध




देपालपुर. जिला कांग्रेस में हुई जिला अध्यक्षों की अवैध नियुक्ति के विरोध में कांग्रेसजन ने जमकर नारेबाजी की. जीतू पटवारी को सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियों ने मंदिर में जाकर भजन किए और तेजाजी महाराज को ज्ञापन दिया. कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने जिला इंदौर में ऐसे जिला अध्यक्ष की नियुक्ति करी जिसका कांग्रेस द्वारा घोषित संगठन सृजन में नाम तक नहीं था जिसने कोई दावेदारी भी नहीं की और न ही किसी कार्यकर्ता ने उनका नाम लिया था जिसके बावजूद मध्यप्रदेश के आगर जिले के निवासी को जिला इंदौर का कांग्रेस जिला अध्यक्ष बना दिया. इसी बात के विरोध में आज तीसरे दिन भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर जिले की देपालपुर विधानसभा के चमन चौराहा देपालपुर पर नारेबाजी की और भगवान तेजाजी महाराज के मंदिर पहुंचकर भजन किए और ज्ञापन प्रस्तुत किया. सभी कांग्रेसजन ने शीर्ष नेतृत्व से मांग की कि तत्काल जीतू पटवारी को पद से हटाया जाए और जिला अध्यक्ष की नियुक्ति रद्द की जाए. इस अवसर पर कांग्रेस नेता कृपाराम सोलंकी, पूर्व पार्षद आजम खान, भगत सिंह मंडलोई, पूर्व पार्षद निराला डागर, मुकेश पटेल, निर्भय सिंह सोलंकी, रामचरण दयाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# कॉलेज बस की टक्कर से युवक -छात्रा की मौत

## अंतिम चौराहे पर हुआ हादसा, दो गंभीर घायल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अंतिम चौराहे पर बुधवार शाम एक निजी कॉलेज बस ने कहर बरपा दिया. बेकाबू बस ने पहले बाइक सवार युवक को टक्कर मारी और फिर दो छात्राओं को अपनी चपेट में ले लिया. इसके बाद बस ने ऑटो और कार को भी टक्कर मार दी. हादसे में युवक और एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा और ऑटो ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों का इलाज क्लॉथ मार्केट अस्पताल में चल रहा है.**



घटना शाम करीब 4.30 बजे हुई. 33 वर्षीय एकांश पांड्या बाइक से गुजर रहे थे तभी निजी कॉलेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी. जोरदार टक्कर से एकांश की मौके पर ही मौत हो गई. बस आगे बढ़ते हुए घर लौट रही दो छात्राओं से टकराई, जिसमें 12वीं की छात्रा की मौत हो गई और दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई. इसके बाद बेकाबू बस ने एक ऑटो रिक्शा और कार को भी टक्कर मार दी. हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस मेडीकेप्स कॉलेज की थी और तेज रफ्तार में दौड़ रही थी. हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बस को रोककर पुलिस को सूचना दी.



पुलिस ने बस जब्त कर ली है. मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# रिटायर्ड जज के बंगले सहित कई जगहों पर चोरी

## धार-टांडा के आधा दर्जन संदिग्ध हिरासत में

**इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र में रिटायर्ड जज रमेश गर्ग के बंगले और सिमरोल की एक टाउनशिप में हुई सिलसिलेवार चोरियों के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. ग्रामीण पुलिस ने धार-टांडा इलाके से आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लिया है.**

शुरुआती जांच में सभी के पुराने आपराधिक रिकार्ड सामने आए हैं. पुलिस उनसे सख्ती से पूछताछ कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है. कुछ दिन पहले कनाड़िया थाना क्षेत्र से लगे खुड़ैल में रिटायर्ड जज रमेश गर्ग के बंगले में लाखों की चोरी हुई थी. चोरी के फुटेज वायरल होने पर पुलिस भी हैरान रह गई थी. वीडियो में एक बदमाश जज के बेटे के बिस्तर के पास डंडा लेकर खड़ा नजर आ रहा था. यदि उस वक्त बेटा जाग जाता तो बड़ी वारदात हो सकती थी. इसी दिन सिमरोल थाना क्षेत्र की अमृत ग्रीन कॉलोनी में भी पांच व्यापारियों के घर चोरी हुई थी. दोनों घटनाओं में पुलिस को एक ही गिरोह के सक्रिय होने का शक था. सूत्रों के मुताबिक हिरासत में लिए गए बदमाश अलग-अलग शहरों में चोरी की वारदातें कर चुके हैं. पुलिस के पास मिले फुटेज की शक्ल भी इनमें से कुछ से मिल रही है. अब माना जा रहा है कि रिटायर्ड जज के घर और टाउनशिप में हुई वारदातों का राज जल्द ही खुल जाएगा.

# सिकलीगर पिता-पुत्र का पर्दाफाश, दो माह में इंदौर में कीं चार चोरियां

- बैंक मैनेजर के घर चोरी में पकड़ा गया खंडवा का आरोपी, बेटा फरार

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने शहर में लगातार हो रही चोरियों की गुत्थी सुलझाते हुए सिकलीगर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी ने बीते दो माह में इंदौर में चार वारदातें करना कबूल किया है. उसका बेटा और वारदातों का साथी अभी फरार है.**

पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले कनाड़िया थाना क्षेत्र में बैंक मैनेजर के सूने मकान में लाखों की चोरी हुई थी. जांच में मिले फुटेज के आधार पर खंडवा के मंधाना निवासी जीतसिंह टांक को गिरफ्तार किया. पुलिस ने उसके पास से चोरी का माल और एक कार बरामद की है. पूछताछ में जीतसिंह ने बताया कि उसने यह वारदात अपने बेटे अक्षरसिंह के साथ मिलकर की थी. आरोपी ने खुलासा किया कि पिता-पुत्र ने दो माह में अन्नपूर्णा क्षेत्र में दो और लसूड़िया क्षेत्र में एक चोरी की थी. यह सभी सूने मकान थे. वे दिन में कार से रैकी करते थे और रात में नंबर प्लेट बदलकर वारदात अंजाम देते थे. पुलिस ने उनके पास से कार और फर्जी नंबर प्लेट जब्त की है. जीतसिंह और उसका बेटा अक्षरसिंह दिल्ली, गुजरात सहित कई शहरों में चोरी करने जाते थे. दोनों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और वे पहले भी जेल जा चुके हैं. फिलहाल पुलिस अक्षरसिंह की तलाश में दबिश दे रही है.

# इंस्टाग्राम पर नाम बदलकर दोस्ती, फिर शोषण

- धर्म परिवर्तन का भी बनाया दबाव
- पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने अमन खान उर्फ अमन साहू के खिलाफ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला दर्ज किया है. पीड़िता मूल रूप से सीहोर की रहने वाली है और फिलहाल पालदा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर एक निजी कंपनी में काम करती है.

पुलिस के अनुसार युवती ने बताया कि आठ माह पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर अमन से हुई थी. उस समय आरोपी ने खुद को अमन साहू बताकर दोस्ती की. चैटिंग के जरिए बातचीत बढ़ी और फरवरी 2025 में अमन पहली बार



उसके किराए के कमरे पर आया, जहां उसने शारीरिक संबंध बनाए. बाद में पीड़िता को पता चला कि आरोपी का असली नाम अमन खान है और वह दूसरे धर्म से है. शिकायत में युवती ने कहा कि आरोपी शुरू में शादी का भरोसा दिलाता रहा, यहां तक कि इस्लाम छोड़ने की बात भी कही. लेकिन कुछ समय बाद उसने मारपीट शुरू कर दी और मंदिर जाने से रोकने लगा. जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ कहा कि वह धर्म परिवर्तन के बिना शादी नहीं करेगा. करीब 15 दिन पहले आरोपी ने फिर उसके साथ मारपीट की और उसके कमरे पर आना बंद कर दिया.

### लगातार धमकाता रहा

युवती के मुताबिक आरोपी लगातार धमकाकर संबंध बनाने का दबाव डालता रहा. डर और सामाजिक बदनामी के कारण उसने पहले किसी को नहीं बताया, लेकिन परेशान होकर घटना की जानकारी बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी. इसके बाद कार्यकर्ता उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. आजाद नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# जन्मदिन पर चाकू से केक काटकर दहशत फैलाने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

- आज़ाद नगर पुलिस ने खटकेदार चाकू बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा

**इंदौर. जन्मदिन की आड़ में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे तीन बदमाशों को आज़ाद नगर पुलिस ने धर दबोचा. आरोपी चाकू लहराकर केक काट रहे थे और राहगीर से मारपीट भी कर दी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धारदार चाकू जब्त किया और आरोपियों को जेल भेज दिया.**



मामला 17 अगस्त का है, जब अभिषेक नगर नाले के पास धीरज धनौरे अपने जीजा दीपक और दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रहा था. इसी दौरान चाकू से केक काटने और शोरगुल करने पर आसपास के लोगों ने विरोध किया. विवाद बढ़ने पर राहगीर कृष्णा को आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया. शिकायत के बाद थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में टीम गठित की गई. पुलिस ने धीरज और दीपक को पकड़ा. पूछताछ में उन्होंने बताया कि चाकू उनका साथी अमन उर्फ आमीन लाया था, जो खजराना से जन्मदिन में शामिल होने आया था. बाद में पुलिस ने अमन को भी गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर खटकेदार चाकू बरामद किया. इसके बाद आरोपियों पर आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई गई. 20 वर्षीय धीरज पिता संतोष धनौरे निवासी अभिषेक नगर, मुसाखेड़ी, 25 वर्षीय दीपक पिता रामअवतार धनौरे, निवासी अभिषेक नगर, 28 वर्षीय अमन उर्फ आमीन पिता अजीज पटेल, निवासी ममता कॉलोनी, खजराना. तीनों बदमाशों के खिलाफ पहले भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस ने इनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है.



# लिंक रोड पर जर्जर मकान भरभराकर गिरा

- चार माह से खाली पड़ा था कोई जनहानि नहीं

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जवाहर मार्ग से चंद्रभागा जूनी इंदौर की ओर जाने वाले लिंक रोड पर बुधवार को एक पुराना मकान अचानक भरभराकर ढह गया. मकान कई महीनों से खाली पड़ा था, इसलिए हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई. अचानक गिरी इमारत से आसपास के लोग दहशत में आ गए. सूचना मिलते ही रावजी बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया.**

ढहा हुआ मकान सैय्यद अखलाक का था, जो पिछले तीन से चार महीने से खाली पड़ा था. पुलिस अधिकारियों के अनुसार मकान के पिलर धंस चुके थे. साथ ही, मंगलवार की तेज बारिश से गीली हुई मिट्टी ने पिलरों को और कमजोर कर दिया, जिसके कारण यह हादसा हुआ. गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले नगर निगम की रिमूवल टीम ने इसी क्षेत्र में 18 मकानों के जर्जर हिस्सों को हटाया था. लिंक रोड चौड़ीकरण के दौरान भी कई मकानों को तोड़ा था. इसके बावजूद इस इलाके में अब भी कई पुराने मकान जर्जर हालत में खड़े हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मकान किसी भी वक्त खतरा बन सकते हैं. निगम ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे जर्जर मकानों से दूर रहें और एहतियात बरतें, ताकि भविष्य में हादसों से बचा जा सके.

# उमंग सिंघार का अनोखा प्रदर्शन बना विवाद का कारण

- भीड़ में श्वान लाने पर पशुप्रेमी ने की शिकायत

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** छिंदवाड़ा में कांग्रेस नेता उमंग सिंगार द्वारा भारी भीड़ के बीच श्वान को लेकर किया. प्रदर्शन अब विवादों में घिर गया है, पशुप्रेमियों ने इसे अनुचित बताते हुए प्रशासन और सरकार से कार्रवाई की मांग की.

छिंदवाड़ा में कांग्रेस नेता उमंग सिंगार ने हाल ही में विरोध प्रदर्शन के दौरान श्वान को साथ लाकर सभी का ध्यान खींचा. हालांकि, उनके इस कदम ने नया विवाद खड़ा कर दिया. पशुप्रेमियों का कहना है कि हजारों लोगों की भीड़ में किसी जानवर को इस तरह लाना न केवल सुरक्षा की दृष्टि से गलत है बल्कि एनिमल वेलफेयर नियमों के खिलाफ भी है. इस मामले को गंभीर मानते हुए छिंदवाड़ा एसपी, कलेक्टर, एनिमल वेलफेयर बोर्ड, स्टेट एनिमल वेलफेयर बोर्ड, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी गई है. पशुप्रेमी प्रियांशु जैन ने शिकायत में कहा गया है कि इस तरह का प्रदर्शन जानवरों के साथ अमानवीय व्यवहार की श्रेणी में आता है, इसलिए इसके लिए जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.



कार्रवाई | जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# करोड़ों की शासकीय भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**इंदौर. कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जूनी इंदौर तहसील के ग्राम निपानिया में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया.**

ग्राम निपानिया स्थित खसरा क्रमांक 31/1, रकबा 43,500 वर्गफीट की भूमि, जो कि शासकीय शहरी सीलिंग के नाम दर्ज है, पर अवैध अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर ने तत्काल जांच के आदेश दिए. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जूनी इंदौर प्रदीप सोनी और तहसीलदार जूनी इंदौर प्रीति भिसे द्वारा मौके पर जांच की गई. जांच में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया. इसके बाद आज एसडीओ प्रदीप सोनी के




निर्देशन में तहसीलदार, नगर निगम एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की. इस दौरान ग्राम निपानिया की भूमि, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये आंकी गई है, को अतिक्रमण मुक्त कर शासन के नाम पर पुनः सुरक्षित कर लिया गया. इस कार्रवाई से शासन की बहुमूल्य संपत्ति संरक्षित हुई है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.